O/C

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80050/40-2016/ 431

दिनांकः– 15/4/2021

प्रेषक,

विनोद कुमार
मुख्य महाप्रबंधक (परि०),
बी.एम.एस.आई.सी.एल., पटना।

सेवा में,

श्री भीष्मप्रताप सिंह,
ग्राम–लेभारी, पो०–मैरवा
सीवान, पिन–841239 /
ई–मेल–bpsinghmw71@gmail.com

विषयः– अल्पसंख्यकों के बहुक्षेत्रीय विकास योजना के तहत जिला–कटिहार प्रखंड–बलरामपुर के ग्राम–पलसा, मालिकपुर, सिहागाँव एवं माधोपुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन भवनों का निर्माण कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– निगम का पत्रांकः–2384 दिनांक–08.06.2020, पत्रांक–4089 दिनांक–06.03.2017, एवं पत्रांक–9347 दिनांक–04.03.2021

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि विषयांकित कार्य का निर्माण कार्य आपके फर्म को अंवाटित किया गया है, जिसका कार्यादेश दिनांक–06.03.2017 को निर्गत किया गया है। कार्यादेशनुसार इस कार्य को 08 माह के अंदर पूर्ण किया जाना निर्धारित है। परंतु लगभग 04 वर्ष के अवधि समाप्त होने के उपरांत भी आज तक आपके द्वारा उक्त सभी कार्यस्थलों के निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी अभिरूचि एवं संसाधनो की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है। कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रसांगिक पत्रों एवं दूरभाष के माध्यम से अनेंको बार निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नही दिखाई जा रही है, जो कार्य के प्रति आपकी लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नही पहुँच पा रहा है।

विदित हो कि निगम के पत्रांक–9347 दिनांक–04.03.2021 के माध्यम से विषयांकित परियोजना का कार्य ससयम पूर्ण नही करने के संबंध में आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गयी थी, जिसके आलोक में आपके स्तर से विलंब से कार्य करने हेतु कोई स्पष्ट जवाब उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः एकरारनामा की कडिंका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार जिला–कटिहार प्रखंड–बालरामपुर के ग्राम–पलसा, मालिकपुर, एवं सिहगाँव स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवनों का निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए आपके विरूद्ध नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन

15/04/2021

मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/40-2016/ 431 दिनांकः– 15/4/2021

प्रतिलिपिः– पर्यवेक्षण परामर्शी एस.जी.एस. कंन्सलटेन्सी प्रा० लि०, कोलकत्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क स्थापित कर विषायांकित योजना का निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

ह०/–
15/04/2021
मुख्य महाप्रबंधक (परि०),

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/40-2016/ 431 दिनांकः– 15/04/2021

प्रतिलिपिः– सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
15/04/2021
मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/40-2016/ 431 दिनांकः– 15/4/2021

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

15/04/2021
मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/40-2016/ 431 दिनांकः– 15/04/2021

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

15/04/2021
मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/40-2016/431 दिनांकः– 15/04/2021

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

15/04/2021
मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/40-2016/431 दिनांकः– 15/04/2021

प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के वेबसाईट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

15/04/2021
मुख्य महाप्रबंधक (परि०)